# विषयसूची


| S No. | Chapter Title | Page No. |
|---|---|---|
| 24 | सामाजिक बुराइयाँ | 89 |
| 25 | वस्त्र व आवास | 93 |
| 26 | भारत का औद्योगिक क्षेत्र | 96 |
| 27 | उद्योग | 103 |
| 28 | उपभोक्ता जागरूकता | 111 |
| 29 | संसद | 113 |
| 30 | हमारी सभ्यता एवं संस्कृति | 132 |
| 31 | राष्ट्रीय राजमार्ग और प्रमुख परिवहन गलियारे | 133 |
| 32 | यातायात नियम, सड़क संकेत एवं मोटर वाहन अधिनियम | 140 |
| 33 | अपने शरीर की देख–भाल | 146 |
| 34 | मानव रोग | 147 |
| 35 | सन्तुलित भोजन | 154 |
| 36 | शरीर के आन्तरिक भाग की जानकारी | 156 |
| 37 | जीव एवं जगत | 165 |
| 38 | जल संरक्षण एवं संवर्धन के उपाय | 167 |
| 39 | सौर मंडल | 173 |
| 40 | पर्वतारोहण | 176 |
| 41 | पर्वतारोहण में कठिनाइयाँ | 177 |
| 42 | पुरस्कार | 180 |
| 43 | पर्यावरण शिक्षण शास्त्र | 183 |
| 44 | संकल्पना प्रस्तुतीकरण के उपागम | 188 |
| 45 | सतत् एवं समग्र मूल्यांकन | 194 |
| 46 | पर्यावरण अध्ययन में शिक्षण–सहायक सामग्री | 196 |

- **7 का भाजकता नियम**
  किसी संख्या में 7 का पूरा पूरा भाग जाएगा।
  जिसके लिए हमें संख्या के अंक को दुगना कर शेष बची संख्या मे से घटाना है।
  यह प्रकिया कई बार भी करनी पड़ सकती है।

  **उदा.** (1) 2961
  इस संख्या का इकाई अंक 1 है और इसका दोगुना कर शेष बची संख्या मे से घटाना होगा।
  $\Rightarrow$ 2961 का इकाई अंक $1 \times 2 = 2$
  $\Rightarrow 296 - 2 = 29\underline{4} \rightarrow 4 \times 2 = 8$
  $\Rightarrow 29 - 8 = 21$
  $\Rightarrow$ 21 से पुरी विभाजित है। अतः यह संख्या भी पूर्णतः विभाजित है।
  Note– यदि कोई संख्या लगातार 6 बार आ जाए तो वह संख्या भी 7 से पूर्णतः विभाजित होगी।
  **उदा.** (1) 222222
  (2) 999999

- **13 का भाजकता नियम** – इसमें इकाई के अंक का चार गुना करके शेष संख्या मे जोडते है।
  **उदा.** (1) 6357
  यहाँ $635 + 7 \times 4 = 635 + 28 = 663$
  $660 + 3 \times 4 = 66 + 12 = 78$
  अतः 78 मे 13 का भाग पूर्णतः विभाजित है।

- **8 का भाजकता**
  जिस संख्या के अन्त के तीन अंकों मे 8 का भाग चला जाए तो उस पूरी संख्या मे 8 का भाग जाएगा। जिसके अन्त के इकाई, दहाई, सैकड़ा के अंक लेने है।
  **उदा.** (1) 5432 संख्या 432 मे यदि 8 का भाग पुरा–पुरा चला जाए तो यह संख्या 8 से पूर्णतः विभाजित होगी।

- **9 का भाजकता नियम**
  जिस संख्या के अंको का योग करने पर उस संख्या मे 9 का भाग चला जाए तो वह 9 से पूर्णतः विभाजित है।
  **उदा.** (1) 8073 में अंकों का योग
  $8 + 0 + 7 + 3 = 18$
  18 मे 9 का भाग जाता है इसलिए इस पूरी संख्या 8073 में भी जाएगा।

- **10 का भाजकता नियम**
  जिस संख्या का अन्त 0 से हो
  **उदा.** (1) 100, (2) 1000 (3) 590

- **11 का भाजकता नियम**
  जिस भी संख्या में सम स्थान पर अंक और विषम स्थान पर अंक का अन्तर 0 या 11 के पहाड़े में से आये तो वह संख्या 11 से पूर्णतः विभाजित होगी।
  **उदा.** (1) 2893
  यहा संख्या के सम स्थान पर अंक – विषम स्थान पर अंक =
  $= (8 + 3) - (2 + 9)$
  $= 11 - 11 = 0$
  यहा 0 आने पर यह संख्या 11 से पूर्णतः विभाजित है।
  (2) 76,824 संख्या 11 से पूर्णतः विभाजित है या नही?

**17 का विभाजकता नियम** – इसमे संख्या के इकाई अंक को पाँच गुना करके शेष में से घटाते है और अन्त मे जो बची संख्या मे 17 का भाग जाएगा तो वह 17 से पूर्णतः विभाजित होगी।

**उदा.** (1) यदि 9 से संख्या $70x6$ मे भाग पूरा जाए तो $x$ का मान हो सकता है ?

(a) 9 (b) 4
(c) 5 (d) 3

जैसे – 9 का भाजकता नियम
$7 + 0 + x + 6 = 13 + x$
हम यहा $x$ का मान विक्ल्पो मे से रखेगें।
यहा $x$ का मान = 5 सही है।

(2) यदि 11 से संख्या $x756$ मे भाग देने पर पूरा – पूरा जाए तो $x$ का मान होगा ?

(a) 2 (b) 8
(c) 4 (d) 3

(3) कोई संख्या $x$ मे 8 से भाग देने पर भागफल 489 आये तो भाज्य, शेषफल ज्ञात कीजिए?

## BODMAS का नियम

यह नियम अपने हिसाब से कार्य करता है जिसमे यह

$$[x - \{d \div c(x + y)\}]$$

यह सबसे पहले बार – को हल उसमे बाद ( ) कोष्ठक, उसके पश्चात { } कोष्ठक और बड़े कोष्ठक [ ] को हल किया जाता है।
इसके बाद क्रमशः का भाग गुणा, जोड़ या घटाव किया जाता है।

**सरल स्तर**

**उदा.** (1) $96 + 14 \times 12 - 20 \div 4$ का मान ज्ञात कीजिए ?

(a) 289 (b) 259
(c) 296 (d) 258

# 4 CHAPTER

# भारतीय मुद्रा

- प्राचीन समय में मानव अपनी आवश्यकता की पूर्ति करने के लिए वस्तु के बदले में वस्तु लेन देन करता था जिसे वस्तु विनिमय कहा जाता था।

**मुद्रा –** यह एक ऐसी वस्तु हैं जिसके द्वारा वस्तुओं व आवश्यकता पूर्ति के सामान का क्रय–विक्रय किया जाता हैं।

- प्राचीन समय में यह मुद्रा धातु से निर्मित होती थी। धीरे–धीरे इसने कागज का रूप अपना लिया।
- भारतीय मुद्रा का रूप रूपया हैं।
- जिसका प्रतीक चिन्ह – रु. हैं।
- इसकी डिजाइन उदय कुमार द्वारा की गई जो चेन्नई के निवासी हैं। इस डिजाइन को 15 July 2010 को मान्यता दी गई।
- भारतीय मुद्रा का निर्माण भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा भारतीय सरकार के आदेश के आधार पर किया जाता हैं और इन सभी नोटों पर भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर के हस्ताक्षर होते हैं।
  जो निम्न प्रकार से हैं –
  2, 5, 10, 20, 50, 100, 200, 500, 2000
- 1 रुपये के नोट पर वित्त सचिव के हस्ताक्षर होते हैं जो भारत सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा छपवाया जाता हैं।
- 8 नवम्बर 2016 को भारतीय मुद्रा के 500, 1000 के नोटों को प्रचलन से बाहर कर दिया गया। उनके स्थान पर 500 और 2000 के नए नोट जारी किए गये।
- भारतीय मुद्रा की सबसे छोटी इकाई पैसा हैं।
- 1947 से पहले भारतीय मुद्रा 'आने' में हुआ करती थी।
  **जैसे –**
  4 आने = 25 पैसे
  8 आने = 50 पैसे
  12 आने = 75 पैसे
  16 आने = 1 रुपया ।
  1 रुपया = 100 पैसे
- रुपयों को पैसों में बदलने के लिए 100 से गुणा करते हैं।
- पैसों को रुपयों में बदलने के लिए 100 से भाग कर देते हैं।

**सरल स्तर**

**उदाहरण –**

(i) 125 रु. को पैसों में बदलिए।

= 125 x 100
= 12500 पैसे

(ii) 192000 पैसो को रुपयो में बदलिए।

**हल** – $\frac{192000}{100} = 1920$ रुपये।

**औसत स्तर**

**उदाहरण –**

(iii) 29रु. 40 पैसे और 33रु. 96 पैसे को पैसों में बदलो।

**हल –**

  29 रु. 40 पैसे
+ 33 रु. 96 पैसे

---

62 रु. 136 पैसे

**अब**

62 रु. (100 + 36) पैसे  (∵ 100 पैसे = 1 रुपया)

**तब**

= 62 रु. + 1 रु. + 36 पैसे
= 63 रु. + 36 पैसे
= 63 रु. x 100 + 36 पैसे  (∵ रुपये को पैसे में बदलने के लिए 100 से गुणा करते है।)
= 6300 पैसे + 36 पैसे
= 6336 पैसे

**कठिन स्तर –**

प्रश्न – (iv) 25 पैसे के 96 सिक्कें किसके बराबर हैं ?

(a) 1रु. के 10 सिक्के + 50 पैसे के 12 सिक्के + 25 पैसे के 16 सिक्के

